सं.ए-45011/4/2020-प्रशा.III
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
(आर्थिक कार्य विभाग)
********

नई दिल्ली, दिनांक: 28 जनवरी, 2021

## कार्यालय ज्ञापन

अधोहस्ताक्षरी को आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित दिसम्बर, 2020 माह के दौरान महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबंध में मासिक सार के अवर्गीकृत भाग को परिचालित करने का निदेश हुआ है।

अनु पी॰ मथाई

(अनु पी. मथाई)
सलाहकार (प्रशा. एवं आईईआर)
दूरभाष: 23092449

सेवा में,

1. केन्द्रीय मंत्रिपरिषद के सभी सदस्य, भारत सरकार, नई दिल्ली।
2. उपाध्यक्ष नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
3. मंत्रिमंडल सचिव, मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
4. भारत के राष्ट्रपति के सचिव, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
5. भारत के उप राष्ट्रपति के सचिव, 6, मौलाना आजाद मार्ग, नई दिल्ली।
6. प्रधानमंत्री के प्रधान सचिव, प्रधानमंत्री कार्यालय, साउथ ब्लॉक, नई दिल्ली।
7. अध्यक्ष, संघ लोक सेवा आयोग, धौलपुर हाऊस, नई दिल्ली।
8. सभी सदस्य, नीति आयोग, योजना भवन, नई दिल्ली।
9. सभी मंत्रालयों/विभागों के सचिव, भारत सरकार, नई दिल्ली।
10. राज्य मंत्री (वित्त) के निजी सचिव, वित्त सचिव के प्रधान निजी सचिव, सचिव (आर्थिक कार्य) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (राजस्व) के प्रधान निजी सचिव, सचिव (व्यय) के प्रधान निजी सचिव, सचिव(दीपम) के प्रधान निजी सचिव।
11. मुख्य आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।
12. अपर सचिव (श्री ए. गिरिधर), मंत्रिमंडल सचिवालय, राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली।
13. डॉ. सी.एस. महापात्रा, अपर सचिव(एफएस एंड सीएस), आर्थिक कार्य विभाग।
14. श्री के. राजारामन, अपर सचिव (प्रशासन एंड निवेश), आर्थिक कार्य विभाग।
15. सुश्री मीरा स्वरूप, अपर सचिव और वित्त सलाहकार (वित्त)।
16. श्री ए.एम. बजाज, अपर सचिव (एफएम), आर्थिक कार्य विभाग।

17. श्री रजत कुमार मिश्रा, अपर सचिव (बजट), आर्थिक कार्य विभाग।

18. श्री संजीव सान्याल, प्रधान आर्थिक सलाहकार, आर्थिक कार्य विभाग।

19 आर्थिक कार्य विभाग के सभी प्रभागाध्यक्ष। वरिष्ठ सलाहकार (सीएंडएसी/ एफएसएलआर/एफएस एंड सीएस)/संयुक्त सचिव (बीसी एण्ड आईईआर)/संयुक्त सचिव(निवेश)/ संयुक्त सचिव (एफटी) / सलाहकार (आईपीएफ)/सलाहकार (निवेश)/सीएए।

20 श्री राजेश मल्होत्रा, अपर महानिदेशक (एम एंड सी), वित्त मंत्रालय, नार्थ ब्लॉक, नई दिल्ली।

21. गार्ड फाइल - 2020

सं. ए-45011/4/2020-प्रशा.III
भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
(आर्थिक कार्य विभाग)

विषय: दिसम्बर, 2020 माह के दौरान आर्थिक कार्य विभाग से संबंधित महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों के संबध में मासिक सार।

1. वृहत-आर्थिक सिंहावलोकन

भारतीय अर्थव्यवस्था पूर्व स्थिति प्राप्त करने के पथ पर है। 2020-21 के मध्य में प्रकट होने वाली वी-आकार की स्थिति भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन और मजबूती को दर्शाती है। अर्थव्यवस्था की नींव मजबूत बनी रही क्योंकि लॉकडाउन से काम में उत्तरोत्तर कमी होने से आत्मनिर्भर भारत मिशन ने अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाए रखा। यह कारोबार और उपभोक्ता के विश्वास में विश्वव्यापी वृद्धि दर्शाते हुए विश्व में आर्थिक स्थिति पुनः प्राप्त करने की रेखा में है। नवम्बर माह के अंत में कम उच्च आवृत्ति संकेतकों में संतुलन है।

पीएमआई विनिर्माण अक्तूबर में 58.9 के दशक के उच्च स्तर की तुलना में नवम्बर में 56.3 पर संतुलित रही। सात माह के संकुचन के क्रम को भी समाप्त करते हुए पीएमआई सेवा सूचकांक में अक्तूबर में 54.1 की वृद्धि तथा नवम्बर में 53.7 की कमी आई, 2020-21 की दूसरी छमाही के उत्पादन की वृद्धि में दूसरी तिमाही के कार्य निष्पादन को दोहराया गया है। औसत दैनिक इलैक्ट्रॉनिक टॉल संग्रहण मे सतत वृद्धि रेलमाल ढुलाई में दो अंकों की वृद्धि और यात्रियों की आय में क्रमिक बहाली के साथ नवम्बर में विकास की गति बनाए रखने हेतु विद्युत उपभोग और ई-वे बिल दिखाए गए हैं। माह दर माह घरेलू विमानों में यात्रियों की संख्या में तीव्र वृद्धि के साथ बंदरगाह माल यातायात अक्तूबर में पिछले वर्ष के स्तर पर रहा। अक्तूबर में सात माह के संकुचन से बाहर आने पर भी पैट्रोलियम उत्पादों के उपभोग के साथ विकास हेतु घरेलू प्रोत्साहन अधिक जाहिर होगा। महत्वपूर्ण जानकारी का विवरण सारणी रूप में अनुबंध में दिया गया है।

2. अन्य महत्वपूर्ण घटनाक्रम

2.1 (क) दिसम्बर, 2020 के दौरान निवल पोर्टफोलियो निवेश (एफपीआई) 71,046 करोड़ रुपए था जो कि मुख्यतः इक्विटी बाजारों (62,016 करोड़ रुपए) में निवेश द्वारा प्राप्त हुआ था। यह एक माह में एफपीआई अंतर्वाह का अधिकतम है और जो नवम्बर, 2020 के दौरान किए गए निवेश से अधिक है जो कि अभी तक का रिकार्ड है।

(ख) सेबी बोर्ड ने अपनी 16 दिसम्बर, 2020 की बैठक में अनावश्यक प्रावधानों को हटाने के उद्देश्य से सेबी (म्युचुअल फंड) विनियामक, 1996, मौजूदा प्रयोज्य अधिनियमों को श्रेणीबद्ध करना और अन्य सेबी विनियामक, कुछ प्रचालनात्मक कठिनाइयों पर ध्यान देना तथा विनियामक सुधारों को शामिल करना आदि में कुछ संशोधनों का अनुमोदन किया है।

2.2 (क) 16 दिसम्बर, 2020 को आर्थिक कार्य विभाग और केएफडब्ल्यू के बीच "कोविड-19 सामाजिक सुरक्षा संकट राहत कार्यक्रम (चरण-II)" परियोजना हेतु घटे हुए ब्याज पर 210 मिलियन यूरो के ऋण करार पर हस्ताक्षर किए गए।

(ख) 22 दिसम्बर, 2020 को आर्थिक कार्य विभाग और केएफडब्ल्यू के बीच घटे हुए ब्याज पर "जलवायु ऋण केरल" परियोजना हेतु 100 मिलियन यूरो और 2 मिलियन यूरो के ऋण करार पर हस्ताक्षर किए गए।

(ग) 22 दिसम्बर, 2020 को आर्थिक कार्य विभाग और केएफडब्ल्यू के बीच "अक्षय ऊर्जा पावर प्लांट" परियोजना हेतु घटे हुए ब्याज पर 75 मिलियन यूरो के ऋण करार पर हस्ताक्षर किए गए।

(घ) 29 दिसम्बर, 2020 को आर्थिक कार्य विभाग और यूरोपीय निवेश बैंक (ईआईबी) के बीच कानपुर मैट्रो रेल परियोजना हेतु 150 मिलियन यूरो के दूसरे भाग हेतु वित्त अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए।

2.3 (क) 22 दिसम्बर, 2020 को विश्व बैंक के साथ राष्ट्रीय राजमार्ग हरित कॉरिडोर परियोजना के प्रस्तावित क्रियान्वयन हेतु 500 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण पर हस्ताक्षर किए गए।

(ख) 16 दिसम्बर, 2020 को विश्व बैंक के साथ भारत के कोविड-19 सामाजिक सुरक्षा रेसपांस कार्यक्रम को गति देने हेतु 400 मिलियन अमरीकी डॉलर के ऋण पर हस्ताक्षर किए गए।

(ग) 18 दिसम्बर, 2020 को एशियाई विकास बैंक के साथ परियोजना तैयारी वित्तपोषण (पीआरएफ) के तहत त्रिपुरा शहरी और पर्यटन विकास परियोजना हेतु 4.21 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण पर हस्ताक्षर किए गए।

(घ) 02 दिसम्बर, 2020 को एशियाई विकास बैंक के साथ पश्चिम बंगाल लोक वित्त प्रबंधन सुधार कार्यक्रम परियोजना हेतु 50.0 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण पर हस्ताक्षर किए गए।

(ङ) 31 दिसम्बर, 2020 को बंगलौर स्मार्ट कुशल ऊर्जा वितरण परियोजना हेतु एशियाई विकास बैंक के साथ 100 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण पर हस्ताक्षर किए गए।

(च) 1 दिसम्बर, 2020 को मेघालय विद्युत वितरण क्षेत्र सुधार परियोजना हेतु एशियाई विकास बैंक के साथ 138.2 मिलियन अमरीकी डालर सामान्य पूंजी संसाधन (ओसीआर) के ऋण पर हस्ताक्षर किए गए।

(छ) 18 दिसम्बर, 2020 को उत्तर प्रदेश विद्युत वितरण नेटवर्क पुनर्वास -(भाग-3) हेतु एशियाई विकास बैंक के साथ 300 मिलियन अमरीकी डालर सामान्य पूंजी संसाधन (ओसीआर) के ऋण पर हस्ताक्षर किए गए।

(ज) 30 दिसम्बर, 2020 को असम विद्युत क्षेत्र निवेश कार्यक्रम (भाग-3) हेतु एशियाई विकास बैंक के साथ 2 मिलियन अमरीकी डालर गरीबी निवारण के लिए जापान फंड (जेएफपीआर) के अनुदान सहित 231 मिलियन अमरीकी डालर सामान्य पूंजी संसाधन (ओसीआर) के ऋण पर हस्ताक्षर किए गए।

(i) 30 दिसम्बर, 2020 को हिमाचल प्रदेश उष्ण कटिबंधीय, वानिकी, सिंचाई और मूल्यवर्धन (एचपीएसएचआईवीए-पीआरएफ) तैयारी परियोजना हेतु एशियाई विकास बैंक के साथ 10 मिलियन अमरीकी डालर के परियोजना तैयारी वित्तपोषण (पीआरएफ) ऋण पर हस्ताक्षर किए गए।

(झ) 31 दिसम्बर, 2020 को बंगलौर स्मार्ट ऊर्जा कुशल विद्युत वितरण परियोजना हेतु एशियाई विकास बैंक के साथ 190 मिलियन अमरीकी डालर विशेष (नियमित-ओसीआर)-100 मिलियन अमरीकी डालर + गैर विशेष (ओसीआर)-90 मिलियन अमरीकी डालर) के ऋण पर हस्ताक्षर किए गए।

(ञ) 23 दिसम्बर, 2020 को नोट खरीद करार (एनपीए) के तहत द्विपक्षीय सुधार व्यवस्था (बीबीए) 2020 हेतु अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के साथ 10 मिलियन अमरीकी डालर तक के निवेश प्रस्ताव को आरबीआई द्वारा स्वीकृति प्रदान की गई। माननीय वित्त मंत्री ने भी उक्त एनपीए को स्वीकृति प्रदान की तथा इससे संबंधित पत्र आईएमएफ को भेजा गया।

(ट) 9 दिसम्बर, 2020 को एशियाई विकास बैंक के निदेशक मंडल द्वारा एशिया/पेसिफिक वेक्सीन एक्सेस फ़ेसिलिटी (एपीवीएएक्स) पर नीति कागजात का अनुमोदन किया गया जिसमें भारत के तकनीकी सहायता के साथ 1.5 बिलियन अमरीकी डालर की वित्तपोषण सहायता प्रदान की गई।

2.4 (क) 11 नवम्बर, 2020 को 8,100 करोड़ के परिव्यय के साथ 2024-25 तक व्यवहार्यता अंतराल वित्तपोषण (वीजीएफ) का अनुमोदन किया गया तथा वीजीएफ की संशोधित योजना और दिशानिर्देशों को 7 दिसम्बर, 2020 को अधिसूचित किया गया।

(ख) सार्वजनिक निजी भागीदारी (पीपीपी) के माध्यम से भारत नेट के विकास (निर्माण, उन्नयन, प्रचालन, रखरखाव और उपयोग) हेतु 17 दिसम्बर, 2020 को दूरसंचार विभाग (डीओटी) की भारत नेट परियोजना के प्रस्ताव पर विचार करने के लिए 98वीं सार्वजनिक निजी भागीदारी मूल्यांकन समिति (पीपीपीएसी) की बैठक आयोजित की गई।

2.5(क) 11 दिसम्बर, 2020 को एनडीबी का भारतीय क्षेत्रीय कार्यालय की स्थापना करने हेतु भारत सरकार और न्यू डेवलपमेंट बैंक ने करार पर हस्ताक्षर किए।

(ख) भारत की अर्थव्यवस्था को कोविड-19 से उबरने हेतु कोविड-19 आपात कार्यक्रम ऋण के तहत भारत सरकार ने न्यू डेवल्पमेंट बैंक के साथ 16 दिसम्बर, 2020 को 1000 मिलियन अमरीकी डालर के ऋण पर हस्ताक्षर किए।

2.6 दिसम्बर माह, 2020 के दौरान निम्नलिखित महत्वपूर्ण बैठकें आयोजित की गईं:-

(i) माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारामन ने प्रमुख वृहत्त-आर्थिक विकास और वित्तीय स्थिरता मामलों विशेषकर संवेदनशीलता से संबंधित मामलों की समीक्षा करने हेतु 16 दिसम्बर, 2020 को हुई वित्तीय स्थिरता तथा विकास परिषद (एफएसडीसी) की 23वीं बैठक की अध्यक्षता की।

(ii) सचिव (आर्थिक कार्य) ने 18 दिसम्बर, 2020 को वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से हुई भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के केंद्रीय बोर्ड की 586वीं बैठक में बोर्ड के सदस्य के रूप में भाग लिया। बोर्ड ने वैश्विक और घरेलू चुनौतियों तथा उपभोक्ता शिक्षा पहलों और उपभोक्ता शिकायतों के समाधान सहित रिजर्व बैंक के प्रचालन के विभिन्न क्षेत्रों में मौजूदा आर्थिक परिस्थितियों की समीक्षा की।

(iii) अपर सचिव ने मानक कार्यान्वयन (एससीएसआई) पर वित्तीय स्थिरता बोर्ड की स्थायी समिति की 2 दिसम्बर, 2020 को हुई वर्चुअल बैठक में भाग लिया। अगले विषय क्षेत्र के समान समीक्षा हेतु एससीएसआई कार्य योजना और विषयों पर विचार किया गया।

(iv) अपर सचिव ने अंतर्राष्ट्रीय विकास एजेंसी (आईडीए) प्रतिनिधि और उधारकर्ता के प्रतिनिधियों की बैठक में भारत के प्रतिनिधि के रूप में भाग लिया जो कि 14 दिसम्बर, 2020 को वर्चुअल रूप से आयोजित की गई थी।

(v) अपर सचिव ने विदेशी सहायता प्राप्त परियोजनाओं हेतु आर्थिक कार्य विभाग की स्क्रीनिंग समिति की 113वीं बैठक की अध्यक्षता की जिसमें 30 प्रस्तावों को विचारार्थ प्रस्तुत किया गया था जबकि 10 प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया था।

(vi) अपर सचिव ने भारत में निवेश अवसरों और भारत में निवेश करते समय सामने आई समस्याओं पर विचार करने हेतु 01 दिसम्बर, 2020 को लोकनिवेश निधि सऊदी अरब के साथ वीडियो कांफ्रेंस की।

(vii) अपर सचिव ने डिजीटल गोल्ड से संबंधित मामलों पर 16 और 18 दिसम्बर, 2020 को डीएफएस के साथ हुई बैठक की अध्यक्षता की।

(viii) अपर सचिव ने पहल इंडिया फाउंडेशन और आईजीपीसी, आईआईएम, अहमदाबाद तथा संबंधित विभागों के साथ देश में डिजीटल गोल्ड के विनियामक अपेक्षाओं के स्वर्ण मुद्रीकरण योजना और स्वर्ण के मूल स्रोत के विषयों पर 29 और 30 दिसम्बर, 2020 को हुई बैठक की अध्यक्षता की।

(ix) वरिष्ठ आर्थिक सलाहकार ने वित्तीय स्थिरता बोर्ड के डीबीटीएफ (टू बिग टू फेल) मूल्यांकन कार्य दल की 10 दिसम्बर, 2020 को हुई वर्चुअल बैठक में एक सदस्य के रूप में भाग लिया तथा इसकी रिपोर्ट में प्रस्तावित बदलावों और कोविड-19 महामारी के विश्लेषण के परिणामों पर चर्चा की।

(x) आर्थिक कार्य विभाग ने माननीय वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय की अध्यक्षता में 2 दिसम्बर, 2020 को व्यापार मंडल (बीओटी) की बैठक में भाग लिया।

(xi) अंतरिक्ष देवास से संबंधित द्विपक्षीय निवेश प्रोत्साहन और सुरक्षा करार (बीआईपीए) मध्यस्थता के संबंध में 4 और 23 दिसम्बर, 2020 को दो प्रमुख बैठकें आयोजित की गई।

(xii) राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना लिमिटेड (एनआईआईएफटीएल) की वार्षिक सामान्य बैठक 01 दिसम्बर, 2020 को आयोजित की गई।

(xiii) आर्थिक कार्य विभाग ने 3 दिसम्बर, 2020 को भारत-उज्बेकिस्तान अंतर-सरकारी आयोग के 12वें सत्र में भाग लिया।

(xiv) 19 अक्तूबर, 2020 को अंतर-मंत्रालयी मॉनीटरिंग समिति (आईएमएमसी) का गठन किया गया तथा आईएमएमसी की बैठकें क्रमशः 4, 11, 18 और 24 दिसम्बर, 2020 को आयोजित की गईं।

(xv) आर्थिक कार्य विभाग ने भारत-नेपाल के बीच 3-4 दिसम्बर, 2020 को आयोजित अंतर-सरकारी उप-समिति (आईजीएससी) की बैठक तथा 7 दिसम्बर, 2020 को आयोजित अंतर-सरकारी समिति (आईजीसी) की बैठक में भाग लिया।

(xvi) आर्थिक कार्य विभाग ने राष्ट्रीय निवेश और अवसंरचना निधि (एनआईआईएफ) के साथ 5 नवम्बर, 2020 का वर्चुअल वैश्विक निवेशक राउंडटेबल (वीजीआईआर) का आयोजन किया। इसमें माननीय प्रधानमंत्री की वैश्विक निवेशक और भारतीय कारोबार प्रतिनिधियों के साथ अंतः क्रिया शामिल है। वीजीआईआर के अनुसरण में, घरेलू निवेश अनुभाग ने एनआईआईएफ के साथ दिसम्बर, 2020 में टीचर्स पेंशन प्लान (ओटीटीपी), कनाडा, पेंशन डेनमार्क और कतर निवेश एजेंसी (क्यूआईए) की बैठकों सहित नवम्बर-दिसम्बर, 2020 के दौरान माननीय प्रधानमंत्री की चयनित वैश्विक निवेशकों के साथ एक-एक करके वर्चुल बैठकें आयोजित कीं। अब तक इस तरह की 12 बैठकें आयोजित की जा चुकी हैं।

3. न्यूनतम सरकार, अधिकतम अभिशासन

विशेषकर, सूचना के प्रस्तुतीकरण में आईसीटी के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है।

4. एसीसी के निर्देशों/आदेशों का पालन न किया जाना

शून्य।

5. विभाग में माह के दौरान अनुमोदित प्रस्तावों एवं अनुमोदन हेतु प्रतीक्षारत एफडीआई प्रस्तावों की स्थिति

विभाग में अनुमोदन हेतु प्रतीक्षा: 16

***

अनुबंध

| सारणी 1: स्थिर (2011-12) मूल्य पर जीवीए की तिमाही वार वृद्धि (प्रतिशत) | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| क्षेत्र | 2019-20 | | | | 2020-21 | |
| | Q1 | Q2 | Q3 | Q4 | Q1 | Q2 |
| कृषि, वानिकी एवं मत्स्य पालन | 3.0 | 3.5 | 3.6 | 5.9 | 3.4 | 3.4 |
| उद्योग | 4.2 | 0.5 | -0.3 | -0.6 | -38.1 | -2.1 |
| सेवाएं | 5.5 | 6.5 | 5.7 | 4.4 | -20.6 | -11.4 |
| आधार मूल्य पर जीवीए | **4.8** | **4.3** | **3.5** | **3.0** | **-22.8** | **-7.0** |

*स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ)।*

टिप्पणी: इन आंकड़ों में पिछले माह से कोई परिवर्तन नहीं हुआ है क्योंकि तीसरी तिमाही के आंकड़े प्रतीक्षारत हैं।

| सारणी 2: जीडीपी और इसके घटको की मांग में वार्षिक वास्तविक वृद्धि (प्रतिशत | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2019-20 | | | | 2020-21 | |
| | Q1 | Q2 | Q3 | Q4 | Q1 | Q2 |
| कुल खपत | 5.6 | 7.8 | 7.6 | 4.2 | -19.2 | -13.3 |
| सरकारी खपत | 6.2 | 14.2 | 13.4 | 13.6 | 16.4 | -22.2 |
| निजी खपत | 5.5 | 6.4 | 6.6 | 2.7 | -26.7 | -11.3 |
| सकल नियत पूंजी निर्माण | 4.6 | -3.9 | -5.2 | -6.5 | -47.1 | -7.3 |
| निर्यात | 3.2 | -2.2 | -6.1 | -8.5 | -19.8 | -1.5 |
| आयात | 2.1 | -9.4 | -12.4 | -7.0 | -40.4 | -17.2 |
| बाजार मूल्य पर जीडीपी | **5.2** | **4.4** | **4.1** | **3.1** | **-23.9** | **-7.5** |

*स्रोत: राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ)।*

टिप्पणी: इन आंकड़ों में पिछले माह से कोई परिवर्तन नहीं हुआ है क्योंकि तीसरी तिमाही के आंकड़े प्रतीक्षारत हैं।

| सारणी 3 : मुद्रास्फीति-सीपीआई-सी, डब्ल्यूपीआई (प्रतिशत में) | | | |
|---|---|---|---|
| | नवम्बर -19 | अक्तूबर - 20 | नवम्बर - 20 |
| सीपीआई-सी | 5.54 | 7.61 | 6.93 |
| डब्ल्यूपीआई | 0.58 | 1.48 | 1.55 |

*स्रोत: सीपीआई-सी और ओईए के लिए एनएसओ, डब्ल्यूपीआई के लिए डीपीआईआईटी*

*टिप्पणी: पिछले दो महीनों के लिए डब्ल्यूपीआई मुद्रास्फीति और पिछले एक महीने के लिए सीपीआई-सी मुद्रास्फीति अनंतिम है।*

| सारणी 4 : मौद्रिक विकास | |
|---|---|
| मद | 18.12.2020 |
| नीति रेपो दर | 4.00 |
| दस वर्ष की सरकारी प्रतिभूति के समकक्ष उपज (एफबीआईएल) | 5.92 |
| बैंक ऋण वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि # | 5.7 |
| *टिप्पणी: # दिनांक 04 दिसम्बर, 2020 की स्थिति के अनुसार* | |

| सारणी 5 : व्यापारिक माल व्यापार निष्पादन (सीमा शुल्क के आधार पर) (बिलियन अमरीकी डॉलर में) | | | |
|---|---|---|---|
| | निर्यात | आयात | व्यापार संतुलन |
| नवम्बर, 2019 | 25.8 | 38.5 | -12.8 |
| नवम्बर, 2020 | 23.5 | 33.4 | -9.9 |

| सारणी 6 : व्यापार निष्पादन सेवाएं (बिलियन अमरीकी डॉलर में) | | | |
|---|---|---|---|
| अक्तूबर, 2020 | 16.6 | 9.5 | 7.1 |
| *स्रोत: वाणिज्य विभाग, वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के दिनांक 15.12.2020 को जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार अनंतिम आंकड़े* | | | |

| सारणी 7 : बकाया भुगतान | | |
|---|---|---|
| मद | 2019-20 ति2 | 2020-21 (पी) ति2 |
| चालू खाता शेष (बिलियन अमरीकी डॉलर) | -7.6 | 15.5 |
| चालू खाता शेष/जीडीपी (प्रतिशत) | -1.1 | 2.4 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक। | | |

| सारणी 8: विदेशी मुद्रा भंडार (बिलियन अमरीकी डॉलर) | |
|---|---|
| मार्च, 2020 | 477.8 |
| 18.12.2020 | 581.1 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक। | |

| सारणी 9 : भारतीय रुपए की विनिमय मुद्रा दर (विदेशी मुद्रा की प्रति इकाई रुपए) | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | अमरीकी डालर | पौंड स्टर्लिंग | यूरो | जापानी येन |
| 29.12.2020 | 73.3669 | 98.9162 | 89.7928 | 70.7500 |
| स्रोत: भारतीय रिजर्व बैंक। | | | | |

| सारणी 10 : विदेशी ऋण (बिलियन अमरीकी डालर) | | | |
|---|---|---|---|
| | सितम्बर, 2019 पीआर के अंत तक (1) | जून, 2020 पी के अंत तक (2) | प्रतिशत भिन्नता [(2/1)-1]*100 |
| कुल बकाया विदेशी ऋण | 557.6 | 556.2 | -0.2 |
| स्रोत: सितम्बर, 2020 के अंत तक विदेशी ऋण पर तिमाही रिपोर्ट, आर्थिक कार्य विभाग। | | | |

| सारणी 11 : औद्योगिक उत्पादन के मुख्य बिन्दु | | | |
|---|---|---|---|
| मासिक वृद्धि | अगस्त - 19 | सितम्बर - 19 | अक्तूबर - 19 |
| औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर (आईआईपी) | -1.4 | -4.6 | -6.6 |
| मासिक वृद्धि | अगस्त - 20 | सितम्बर - 20 | अक्तूबर - 20 |
| औद्योगिक उत्पादन वृद्धि दर (आईआईपी) | -7.4 | 0.5 | 3.6 |

| सारणी 12 : आठ प्रमुख उद्योग | | | |
|---|---|---|---|
| मासिक वृद्धि | सितम्बर - 19 | अक्तूबर-19 | नवम्बर-19 |
| आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि | -5.1 | -5.5 | 0.7 |
| मासिक वृद्धि | सितम्बर - 20 | अक्तूबर - 20 | नवम्बर - 20 |
| आठ प्रमुख उद्योगों की वृद्धि | -0.1 | -0.9 | -2.6 |

*****